दिनांक: 07.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भाग ले रहे हैं। उपराष्ट्रपति हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए बुनकरों को संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार प्रदान करेंगे। हथकरघा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें देश भर में हथकरघा की समृद्ध विरासत और जीवंत परंपरा पर बहुत गर्व है। उन्होंने देश के कारीगरों के प्रयासों की सराहना की और 'वोकल फॉर लोकल' होने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

राज्य स्तरीय वन महोत्सव आज दूदू के गाड़ोता में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महोत्सव में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की 15 हैक्टेयर भूमि पर करीब 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इनमें बरगद, पीपल, गूलर, पिलखन, बेलपत्र और कदम्ब के पौधे शामिल हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री, वन मंत्री और अन्य जनप्रतिनिधि, करीब एक सौ पौधे लगाएंगे। इन पौधों को मातृ वन के रूप में एक समूह बनाकर विकसित किया जायेगा। महोत्सव के दौरान अमृता देवी वृक्ष मित्र पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस बीच, आज हरियाली तीज के अवसर पर हरियालो राजस्थान के तहत सभी जिलों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने जोधपुर के पोलिटेक्निक कॉलेज में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान–हरियालो राजस्थान–एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। श्री दिलावार ने मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की शपथ दिलाई।

प्रदेशभर में आज हरियाली तीज परम्परागत श्रद्धाभाव और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर घरों में पकवान बनाए जा रहे हैं। महिलाएं लहरिया पहनकर विशेष श्रृंगार कर रही हैं। घेवर और मिठाई की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। राजधानी जयपुर में आज तीज माता की पारम्परिक सवारी निकाली जाएगी। शाही लवाजमे के साथ निकाली जाने वाली ये सवारी विभिन्न स्थानों से होकर गुजरेगी। इस दौरान लोक कलाकार अपनी कला की छटा बिखेरेंगे। इस वर्ष पहली बार पर्यटन विभाग की ओर से तीज उत्सव का सोशल मीडिया पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। इसके अलावा अल्बर्ट हॉल, बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ पर भी एलईडी स्क्रीन्स पर तीज की सवारी का सजीव प्रसारण होगा। सवारी को लेकर शहर में यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं। कल बूढ़ी तीज की सवारी निकाली जाएगी।

चित्तौड़गढ के निंबाहेड़ा में कल रात एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई और एक बच्ची घायल हो गई। मृतकों में एक महिला सहित तीन पुरुष और एक बच्चा शामिल है। ये दुर्घटना एक अज्ञात वाहन के मोटरसाइकिल को टक्कर मारने से हुई। मोटरसाइकिल सवार ये सभी लोग शंभुपुरा के रहने वाले थे और निंबाहेड़ा जा रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एक अन्य हादसे में भरतपुर में उच्चैन–सेवर मार्ग पर कार और मोटरसाइकिल टक्कर में एक युवक की मृत्यु हो गई।

राज्य में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बीकानेर के कोलायत मगरा में सबसे अधिक 13 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज हुई। कोटा के सुल्तानपुर और सांचौर में 6–6 और नागौर के जायल में 5 सेंटीमीटर बरसात हुई। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही रिमझिम बारशि का दौर चल रहा है। झुंझुनूं और भरतपुर में हल्की बरसात से मौसम सुहाना बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज भरतपुर और जयपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र के कुछ भागों में मध्यम से तेज बारिश होने तथा कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। जोधपुर संभाग में आज से ही भारी बारिश की गतिविधियों में कमी रहेगी वहीं बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मध्यम और कहीं–कहीं तेज बारिश के आसार हैं। पूर्वी राजस्थान के कई स्थानों पर मध्यम और कहीं–कहीं तेज बारिश का दौर आगामी 5–7 दिन जारी रहने की प्रबल संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 9 से 13 अगस्त को दोबारा मानसून सक्रिय होने तथा अनेक स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश का पूर्वानुमान है।

तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रंखला में भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा और अंतिम मैच आज खेला जाएगा। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाने वाला ये मैच दोपहर ढाई बजे से शुरू होगा।